राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–130/2023

राज्यपाल ने महावीर जयन्ती के अवसर पर बिहारवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी

पटना, 03 अप्रैल, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने महावीर जयन्ती के पावन अवसर पर समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों, विशेषकर जैन समुदाय के बहनों एवं भाइयों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर महावीर स्वामी ने सत्य, अहिंसा, त्याग, संयम और अपरिग्रह का संदेश दिया। उनका जीवन और विचार हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं।

राज्यपाल ने कहा है कि हमें भगवान महावीर स्वामी द्वारा निर्दिष्ट मार्ग का अनुसरण कर सभ्य, शांतिपूर्ण एवं समतामूलक समाज के निर्माण का संकल्प लेना चाहिए।

....